# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम प्लेटफॉर्म) पर कृषि व्यापार और ई-ट्रेडिंग के मामले में राजस्थान ने देशभर में कौनसा स्थान हासिल किया है?

(A) तीसरा
(B) दूसरा
(C) पहला
(D) इनमें से कोई नही

राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम प्लेटफॉर्म) पर कृषि व्यापार और ई-ट्रेडिंग के मामले में राजस्थान ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि किसानों को पारदर्शी व्यापार और बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है

ई-व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सभी एकल व्यापार लाइसेंस को एकीकृत लाइसेंस में बदलने की अनुमति देने वाला राजस्थान पहला राज्य है, जिससे व्यापारी राज्य की किसी भी मंडी में आसानी से व्यापार कर सकते हैं

Yesterday Revision

01. दिल्ली पर आबादी के दबाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चार नए शहर (ग्रीनफील्ड) विकसित किए जाएंगे। चार राज्यों, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली में बसेंगे।

02. राजस्थान की उपलब्धियों, उद्यमिता, नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से  प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 12 जुलाई 2026 को किया जा रहा है।

03. सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के दिल्ली-जयपुर खंड पर दौलतपुरा टोल प्लाजा में राजस्थान की पहली बहु लेन निर्बाध परिवहन यानी बिना लेन वाली टोल प्रणाली शुरू की है।

04. राजस्थान सरकार के 3226 करोड़ रुपए के महत्वाकांक्षी हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट में सलूंबर-बांसवाड़ा स्टेट हाईवे को भी शामिल कर लिया है.

05.  भारत की पहली 8-लेन सुरंग राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के नीचे बनाई गई है. दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का हिस्सा यह 4.9 किलोमीटर लंबी ट्विन-ट्यूब सुरंग कोटा के पास स्थित है

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित 66वें केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का जयपुर में शुभारंभ हुआ।

(B) जयपुर का विशेष 21-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 10 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित 66वें केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को जयपुर में शुभारंभ हुआ।
- जयपुर का विशेष 21-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 10 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा।
- लगभग 300 पंजीकृत युवा खिलाड़ियों को 14 अलग-अलग खेलों में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और तकनीकें सिखाई जा रही हैं।
- यह शिविर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम (एसएमएस स्टेडियम) के साथ-साथ माउंट आबू और बांसवाड़ा में भी आयोजित किया गया है

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) प्रौद्योगिकी कंपनी फ्लॉक एनर्जी के सहयोग से जयपुर डिस्कॉम ने घरेलू उपभोक्ताओं के एयर कंडीशनर (AC) में निःशुल्क स्मार्ट आईओटी (IoT) डिवाइस लगाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है।

(B) इससे करीब 2,000 उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ा जा रहा है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- बिजली की बढ़ती मांग और ग्रिड पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए जयपुर डिस्कॉम ने एक अभिनव पहल शुरू की है। प्रौद्योगिकी कंपनी फ्लॉक एनर्जी के सहयोग से डिस्कॉम ने घरेलू उपभोक्ताओं के एयर कंडीशनर (AC) में निःशुल्क स्मार्ट आईओटी (IoT) डिवाइस लगाने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है।
- प्रारंभिक चरण में वैशाली नगर, मानसरोवर और मालवीय नगर क्षेत्र के करीब 2,000 उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ा जा रहा है।
- यह देश की पहली ऐसी परियोजना मानी जा रही है, जिसमें किसी विद्युत वितरण निगम द्वारा घरेलू क्षेत्र की बिजली खपत को ऑटोमेटेड डिमांड रिस्पांस (ADR) तकनीक के माध्यम से नियंत्रित किया जाएगा।
- यह परियोजना राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के डिमांड फ्लेक्सिबिलिटी एवं डिमांड साइड मैनेजमेंट विनियम-2026 के तहत शुरू की गई है।

## 03.राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी RPSC का कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

**(A) लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह**

(B) डॉ. दीपक कुमार

(C) प्रोफेसर संतोष आनंद

(D) इनमें से कोई नही

### Commission Organization

**संयोजन** - राजस्थान लोक सेवा आयोग में 1 अध्यक्ष एवं 10 सदस्य है। यह पद संवैधानिक है एवं राज्य के महामहिम राज्यपाल की आज्ञा से इन पदों पर नियुक्ति की जाती है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को आयोग कार्यालय में सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। सचिव द्वारा समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यो का निष्पादन किया जाता है। सचिव की सहायता के लिये उपसचिव तथा परीक्षा नियन्त्रक होते है।

**रचना** आयोग में वर्तमान में 1 अध्यक्ष एवं 10 सदस्य के पद हैं।

**कार्य काल** आयोग अध्यक्ष एवं सदस्य अधिकतम 6 वर्ष अथवा 62 वर्ष की उम्र जो भी पहले हो, के लिए आयोग में कार्यरत रहते है।

Name of the Office : **Rajasthan Public Service Commission, Ajmer**

Address : **Ghooghara Ghati, Jaipur Road, Ajmer**

Sanctioned Strength (Including Chairman) : **Eleven (1+10)**



Lt. Col. Kesari Singh Rathore
CHAIRMAN (OFFICIATING)

**Important Facts:**

- राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी RPSC की कमान कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह को सौंप दी गई है.
- सरकार ने आरपीएससी में दो नए सदस्यों की भी नियुक्ति की है. प्रोफेसर संतोष आनंद और डॉ. दीपक कुमार शर्मा को आयोग का सदस्य बनाया गया है.
- RPSC सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल वर्ष 2029 तक है. ऐसे में यदि उन्हें स्थायी अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे करीब तीन साल तक आयोग का नेतृत्व कर सकते हैं.
- RPSC के निवर्तमान अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू का कार्यकाल 19 जून को पूरी तरह से समाप्त हो गया है.
- राजस्थान के पूर्व पुलिस महानिदेशक (DGP) के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर आयोग के अध्यक्ष बने साहू लगभग एक साल तक इस प्रतिष्ठित संस्था के सर्वोच्च मुखिया रहे.
- 12 जून-25 को उत्कल रंजन साहू को अध्यक्ष बनाया।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) प्रदेश के 4 नए जिलों में आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने के लिए नागरिक सुरक्षा कोर का गठन किया जाएगा

(B) इन जिलों में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली (Emergency Response System) और नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूती दी जाएगी|

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश के 8 नए जिलों में नागरिक सुरक्षा कोर (Civil Defence Corps) के गठन को मंजूरी दी है।
- इन जिलों में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली (Emergency Response System) और नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूती दी जाएगी।
- इन कोर का गठन स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के दौरान त्वरित राहत और बचाव कार्य करने के लिए किया जा रहा है, ताकि आपात स्थितियों में जन-धन की हानि को कम किया जा सके।
- नागरिक सुरक्षा कोर (Civil Defence Corps): प्रदेश के 8 नए जिलों (बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, फलौदी, सलूम्बर, खैरथल-तिजारा, डीग, कोटपूतली-बहरोड़ और ब्यावर

05. हाल ही में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) का नया अध्यक्ष किसे नियुक्त किया है?

(A) हनुमान सिंह राठौड़

(B) सुधा शर्मा

(C) विनय सिंह राठौड़

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव किया गया है. राज्य सरकार ने समिति की सिफारिशों के आधार पर हनुमान सिंह राठौड़ को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है.
- हनुमान सिंह राठौड़ का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है.
- इस अवधि में वे बोर्ड की प्रशासनिक और शैक्षणिक गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे

जयपुर, शुक्रवार, 19 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-120

1 **राजस्थान** में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कुल श्रमिकों में महिलाओं की भागीदारी लगभग कितने प्रतिशत है?
(A) 33.33%
(B) 45.50%
(C) 53.33%
(D) 60.00%

2 **राजस्थान** में पत्थर उद्योग का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन 'इंडिया स्टोनमार्ट' का आगामी 14वां संस्करण कब आयोजित किया जाना प्रस्तावित है?
(A) 17-20 फरवरी, 2028
(B) 10-15 नवंबर, 2027
(C) 1-5 मार्च, 2028
(D) 15-20 जनवरी, 2028

3 **हाल** ही में (जून 2026) मुख्यमंत्री द्वारा पचपदरा और शेरगढ़ के 'ग्राम नवातला एवं देवीगढ़' में किस बहुमूल्य खनिज के एक्सप्लोरेशन को स्वीकृति प्रदान की गई है?
(A) लिथियम
(B) यूरेनियम
(C) रेयर अर्थ एलिमेंट्स
(D) स्वर्ण

4 **ऑनलाइन** ठगी, वित्तीय धोखाधड़ी या डिजिटल जबरन वसूली होने पर सहायता प्राप्त करने के लिए 'राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर' क्या है?
(A) 112 (B) 181
(C) 1930 (D) 1098

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत कोटा जिले की उपज कौन सी है?
(A) मक्का (B) धनिया
(C) लहसुन (D) चावल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

Q. राजस्थान के किस टोल प्लाजा में राजस्थान की पहली बहु लेन निर्बाध परिवहन यानी बिना लेन वाली टोल प्रणाली शुरू की गई है?

(A) नेगड़िया टोल प्लाजा

(B) दौलतपुरा टोल प्लाजा

(C) गोमती टोल प्लाजा

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM
FOLLOW ON FACEBOOK
JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine